# University in News on 29 May 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# यूजी-पीजी प्रवेश आवेदन तिथि 30 जून तक बढ़ी

## लखनऊ विश्वविद्यालय : कोरोना संक्रमण और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम नहीं आने की वजह से बढ़ी तिथियां

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** कोविड संक्रमण व लॉकडाउन के चलते लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक व परास्नातक कोर्सों में प्रवेश आवेदन की तिथि 31 मई से बढ़ाकर 30 जून कर दी है। अभी तक स्नातक कोर्सों में लगभग 16,500 और परास्नातक कोर्सों में 10 हजार से अधिक आवेदन आए हैं जबकि पीएचडी में 4302 आवेदन आ चुके हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार सत्र 2021-22 के स्नातक पाठ्यक्रमों, बीएलएड, परास्नातक पाठ्यक्रमों, स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों बीबीए व बीसीए, परास्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों एमबीए व एमटीटीएम के आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून कर दी गई है।



बीपीएड, एमपीएड व एमएड पाठ्यक्रमों के आवेदन भी 30 जून तक होंगे जमा

विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इसी क्रम में बीपीएड, एमपीएड व एमएड पाठ्यक्रमों के आवेदन भी 30 जून तक जमा किए जाएंगे। वहीं डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 जून से बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन व इससे जुड़ी विस्तृत जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in के admission page पर उपलब्ध है। हालांकि आवेदन तिथि बढ़ाने का एक कारण अभी इंटर का परीक्षा परिणाम न आना भी माना जा रहा है। काफी विद्यार्थी ऐसे भी हैं जो अभी इसकी वजह से भी आवेदन नहीं कर रहे हैं।

### ऑनलाइन होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन होगी। इसके लिए प्रदेश के तीन शहरों में केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा का आयोजन 15 जून के बाद किया जाएगा। विवि में लगभग डेढ़ महीने तक चली आवेदन प्रक्रिया में रेगुलर व पार्ट टाइम पीएचडी के लिए 4302 आवेदन आए हैं। विवि में पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त हो गई है। अब विश्विद्यालय जून में प्रवेश परीक्षा के आयोजन की तैयारियों में लगा हुआ है। कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए विवि ने इस बार पीएचडी प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन आयोजित करने का निर्णय लिया है। बता दें कि लखनऊ विश्वविद्यालय इस सत्र में पहली बार पार्ट टाइम पीएचडी में भी प्रवेश लेगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि हमने पीएचडी प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन कराने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसके लिए संबंधित एजेंसी से बात हो रही है। इसके बाद तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए लखनऊ के साथ-साथ बनारस और गाजियाबाद में भी प्रवेश परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों को दिक्कत न हो। उन्होंने बताया कि रेगुलर पीएचडी पाठ्यक्रम में सबसे अधिक आवेदन कॉमर्स में आए हैं जबकि पार्ट टाइम पीएचडी में सबसे अधिक आवेदन शिक्षा शास्त्र में आए हैं।

NBT PAGE 4

# लविवि: 30 जून तक यूजी, पीजी में आवेदन का मौका

**■ एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ाकर 30 जून कर दी है। अब तक सत्र 21-22 में आवेदन की अंतिम तारीख 31 मई निर्धारित थी।

लविवि के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों ने बंदी के चलते फॉर्म भरने में दिक्कतों और अन्य परेशानियों को बताया, जिसके चलते यह फैसला लिया गया है। स्नातक पाठ्यक्रमों, बीएलएड के अलावा परास्नातक और स्नातक के प्रफेशनल के साथ परास्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तारीख भी 30 जून रहेगी।

HINDUSTAN PAGE 5

कोरोना कर्फ्यू के कारण हो रही समस्याओं का संज्ञान लेते हुए स्नातक, परास्नातक में आवेदन तिथि बढ़ाई

# एलयू: आवेदन तिथि 30 जून तक बढ़ाई

**राहत**

लखनऊ | **कार्यालय संवाददाता**

लविवि ने कोरोना महामारी की गंभीरता और लॉकडाउन के कारण अभ्यर्थियों को हो रही परेशानियों का संज्ञान लेते हुए कई पाठ्यक्रमों के आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है।

इसकी जानकारी देते हुए प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों और बीएलएड पाठ्यक्रम में आवेदन की अंतिम तिथि को 31 मई से बढ़ाकर 30 जून कर दिया है। परास्नातक पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि को भी 30 जून कर दिया है। स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों (बीबीए व बीसीए) और परास्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों (एमबीए व एमटीटीएम) आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मई से बढ़ाकर 30 जून कर दिया है। बीपीएड, एमपीएड और एमएड पाठ्यक्रमों के आवेदन की अन्तिम तिथि को भी 30 जून कर दिया है। डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों की आनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अन्तिम तिथि भी 30 जून हो गयी है। आवेदक आनलाइन आवेदन व सम्बन्धित विस्तृत विवरण के लिए वेबसाइट lkouniv. ac. in के admission page देख सकते हैं।

**परिणाम जारी**

लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार देर शाम एमएससी सेमेस्टर तृतीय गणित, एमएससी तृतीय सेमेस्टर केमेस्ट्री, एमएससी तृतीय सेमेस्टर अपलाइड जूलॉजी और एमसीसी सेमस्टर तृतीय जूलॉजी के परिणाम जारी कर दिए। एलयू की अधिकारिक वेबसाइट पर परिणाम अपलोड कर दिए गए हैं।



### एलयू और सम्पूर्णानन्द विवि अब एक प्लेटफार्म पर करेंगे ऑनलाइन क्लास

**लखनऊ।** एलयू और सम्पूर्णानन्द विवि वाराणसी के छात्र अब लविवि के ऑनलाइन एजुकेशन सिस्टम स्लेट पर पढ़ाई करेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय और सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय के बीच जल्द ही एमओयू साइन किया जाएगा। एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद सम्पूर्णानन्द के छात्रं लविवि के कॉपीराइट वाले लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम स्ट्रेटिजिक लर्निंग एप्लीकेशन फॉर ट्रांसफॉरमेटिव एजुकेशन (स्लेट) का प्रयोग कर सकेंगे। डीएसडब्लू प्रो. पूनम टण्डन ने बताया कि स्लेट विश्वविद्यालय का अपना लर्निंग सिस्टम है। हमारा उद्देश्य है कि प्लेटफार्म का प्रयोग राज्य के दूसरे विश्वविद्यालय भी कर सकें। कई विश्वविद्यालयों से बातचीत चल रही है लेकिन पहला एमओयू सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय वाराणसी के साथ होने जा रहा है।

एलयू का स्लेट प्लेटफार्म तकनीक के मामले में काफी आधुनिक है। इस पर अन्य प्लेटफार्म की तरह छात्र सीमा नहीं है।

JAGRAN CITY PAGE I

# एम .एससी रसायन और गणित के नतीजे जारी

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को परास्नातक के चार और विषयों के नतीजे जारी कर दिए। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एके सक्सेना ने बताया कि एम.एससी भूगर्भ विज्ञान तृतीय सेमेस्टर, एम.एससी अप्लाइड भूगर्भ विज्ञान तृतीय सेमेस्टर, एम. एससी रसायन विज्ञान तृतीय सेमेस्टर और एम.एससी गणित तृतीय सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर परिणाम देख सकते हैं। विभिन्न विषयों की जारी नतीजों में 389 में से 356 विद्यार्थी पास हुए हैं।

**कई पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी:** लविवि ने कोरोना कर्फ्यू के कारण अभ्यर्थियों को हो रही परेशानियों को देखते हुए कई पाठ्यक्रमों की आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है।

- स्नातक पाठ्यक्रमों के साथ ही बीएलएड के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 31 मई 2021 से बढ़ाकर 30 जून कर दी गई।
- परास्नातक पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि को 31 मई से बढ़ाकर 30 जून हो गई है।
- स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों बीबीए व बीसीए व परास्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों एमबीए व एटीटीएम की अंतिम तिथि 31 मई 2021 से बढ़ाकर 30 जून कर दी गई।
- बीपीएड, एमपीएड व एमएड पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई से बढ़ाकर 30 जून हो गई है।
- डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों की आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून हो गई है।

**यहां भी नतीजे घोषित:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि द्वारा शुक्रवार को बीए ऑनर्स अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, हिंदी, शारीरिक शिक्षा, राजनीतिक विज्ञान, फारसी, समाजशास्त्र, बीसीए, एमएजेएमसी एवं एमसीए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। विद्यार्थी विवि इनके साथ ही अन्य परिणाम भी विश्वविद्यालय पोर्टल पर देख सकते हैं। प्रवक्ता डा. तनु डंग ने बताया कि देर रात तक परिणाम अपलोड कर दिए गए।

PIONEER PAGE 4

# कोरोना के चलते एलयू में दाखिले को लेकर आवेदन तिथि बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोरोना** महामारी की गम्भीरता एवं लाकडाउन के चलते दाखिले को लेकर अभ्यर्थियों को हो रही दिक्कतों को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। स्नातक स्तर पर अब छात्र 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों एवं बीएलएड पाठ्यक्रम में आवेदन की अंतिम तिथि को 31 मई से बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया है। इसी तरह परास्नातक पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि को 31 मई से बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया है। स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों (बीबीए एवं बीसीए) एवं परास्नातक प्रबन्धन पाठ्यक्रमों (एमबीए एवं एमटीटीएम) में आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मई से बढ़ाकर 30 जून कर दिया है। बीपीएड, एम पी एड एवं एमएड पाठ्यक्रमों के आवेदन की अन्तिम तिथि को 31 मई से बढ़ाकर 30 जून 2021 कर दिया है। डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों की आनलाइन आवेदन प्रक्रिया आवेदन की अन्तिम तिथि भी 30 जून हो गयी है। आवेदक आनलाइन आवेदन करने एवं सम्बन्धित विस्तृत विवरण के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाएं।

AMRIT VICHAR PAGE 3

# लविवि ने आवेदन तिथि 30 जून तक बढ़ाई

**लखनऊ।** लविवि ने कोरोना महामारी की गंभीरता और लाकडाउन के कारण अभ्यर्थियों को हो रही दिक्कतों का संज्ञान लेते हुए कई पाठ्यक्रमों के आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों और बीएलएड पाठ्यक्रम में आवेदन की अंतिम तिथि को 31 मई से बढ़ाकर 30 जून कर दिया है। परास्नातक पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि को 31 मई से बढ़ाकर 30 जून कर दिया है। स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों (बीबीए व बीसीए) और परास्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मई से बढ़ाकर 30 जून कर दिया है। डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों की आनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अन्तिम तिथि भी 30 जून हो गयी है। आवेदन करने की विस्तृत विवरण लविवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in के admission page पर जाएं।

i-NEXT PAGE 4

# एलयू ने बढ़ाई आवेदन डेट

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW(28 May):** एलयू ने लॉकडाउन के कारण अभ्यर्थियों को हो रही परेशानियों को देखते हुए कई पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है. इसका विस्तृत विवरण विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in·admission page पर देख सकते हैं.

**इन सब्जेक्ट की बढ़ाई डेट**

● स्नातक पाठ्यक्रमों के साथ ही बीएलएड के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 31 मई 2021 से बढ़ाकर 30 जून कर दी गई.- परास्नातक पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून हो गई है. ● स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों बीबीए व बीसीए व परास्नातक



प्रबंधन पाठ्यक्रमों एमबीए व एटीटीएम की अंतिम तिथि 31 मई 2021 से बढ़ाकर 30 जून कर दी गई. ● बीपीएड, एमपीएड व एमएड पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई से बढ़ाकर 30 जून हो गई है. ● डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों की आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून हो गई है.

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

# लविवि के कई कोर्सो के लिए अब 30 जून तक कर सकेंगे आवेदन



लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय ने लाकडाउन के कारण अभ्यर्थियों को हो रही दिक्कतों का संज्ञान लेकर विश्वविद्यालय ने सत्र 21-22 के विभिन्न पाठ्यक्रमों के आवेदन की अन्तिम तिथि बढ़ा दी है। स्नातक पाठ्यक्रमों एवं बीएलएड पाठ्यक्रम में आवेदन की अंतिम तिथि को 31 मई 2021 से बढ़ाकर 30 जून 2021 कर दिया है। परास्नातक पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि को 31 मई 2021 से बढ़ाकर 30 जून 2021 कर दिया है। स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों एवं परास्नातक प्रबन्धन पाठ्यक्रमों आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मई 2021 से बढ़ाकर 30 जून 2021 कर दिया है। बी पी एड, एम पी एड एवं एम एड पाठ्यक्रमों के आवेदन की अन्तिम तिथि को 31 मई 2021 से बढ़ाकर 30 जून 2021 कर दिया है। डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों की आनलाइन आवेदन प्रक्रिया आवेदन की अन्तिम तिथि भी 30 जून 2021 हो गयी है।